## संपादकीय

# मेनकाओं को अब जाकर मिला न्याय

मिथॉलजी एक ऐसा विषय है, जो बचपन में दादी-नानी की कहानियों से हमारे दिमाग में घर करता है और उम्र के साथ, समझ के अलग-अलग सोपानों से गुजरता है। शायद दुनिया की पहली कहानी मां, दादी, नानी, मौसी या बुआ के रूप में किसी महिला ने ही सुनाई होगी। महिलाओं का कहानियों, आस्थाओं, परंपराओं से एक सीधा सा संपर्क भारतीय परिप्रेक्ष्य में रहा है, हालांकि रचित ग्रंथों में पुरुषों का वर्चस्व है। अच्छी बात यह है कि आज के दौर में ऐसी अनेक महिलाएं हैं जो मिथॉलजी के क्षेत्र में लेखन कर रही हैं और आख्यानों को एक नए, ताजा नजरिए से प्रस्तुत कर रही हैं।

साई स्वरूप अय्यर ने अभया, अविशि, द्रौपदी, मौरी आदि महिला पात्रों पर आधारित सशक्त कहानियां लिखी हैं। उनका मानना है कि अंग्रेजी भाषा जेंडर्ड अवधारणा को थोपती है, जबकि हमारे ग्रंथों में ऐसा नहीं है। हमें सही अर्थ जानने के लिए मूलग्रंथ को बार-बार पढ़ना और समझना चाहिए। महाभारत की एक कहानी में जेंडर संतुलन को बखूबी दर्शाया गया है। वनपर्व में द्रौपदी की परिचारिकाओं में से एक उन्हें कुछ अपशब्द कहती है, जिसे सुन युधिष्ठिर काफी आहत होते हैं, लेकिन द्रौपदी मौन रहती हैं। अपनी व्यथा को युधिष्ठिर, ऋषि मार्कण्डेय के समक्ष रखते हैं। तब ऋषि मार्कण्डेय युधिष्ठिर को शांत कर दो सशक्त महिलाओं की कहानियां सुनाते हैं। एक सावित्री की और दूसरी सीता की।

एक और महिला मिथॉलजी लेखिका हैं कविता काणे। इन्होंने भी अपने अंदाज में आख्यानों को समझा और बरता है। कर्ण की प ी, मेनका, शूर्पणखा, सत्यवती, अहिल्या- ये महिलाएं जिन आख्यानों में उपेक्षित रही हैं, उन पर इन्होंने विस्तार से लिखा है। कविता काणे का मानना है कि पुराणों की प्रासंगिकता हर युग, हर काल में है। इनकी बेहतर समझ के लिए इनकी पुनर्व्याख्या बहुत जरूरी है। इसमें हमारी व्यक्ति गत समझ और सोच काफी प्रभावी होती है। लेखिकाओं में उन महिला पात्रों के प्रति संवेदनशीलता होती हैं, जिन्हें गौण या नगण्य माना जाता है जैसे कि रामायण में तारा, मंदोदरी हैं और महाभारत में कुंती, गांधारी।

हमारे ग्रंथों में अप्सराओं का खूब जिक्र मिलता है। अप्सराओं को हमेशा से देवताओं को सम्मोहित करने वाला माना जाता है, पर उन्हें कहानियों में खास स्थान नहीं मिलता। मेनका का चरित्र काफी दिलचस्प है। वैवाहिक बंधनों से परे वह एक मां है, जो दो बेटियों को जन्म देती है। उनकी कहानी में ऐसे कई पहलू हैं, जिनसे हम अनजान हैं। मिसाल के तौर पर, किस तरह से महिला एक पुरुष प्रधान समाज में कार्य करती है और अपनी स्वायत्तता भी बचाए रखती है। शूर्पणखा की कहानी लें तो उनके बिना रामायण की कथा की परिकल्पना मुश्किल है। उनके चरित्र में अच्छे और बुरे के प्रभाव से परे, महिला अहसासों पर जोर देने की ज्यादा जरूरत है। शकुंतला को कालिदास ने अभिज्ञान शाकुंतलम में पीड़ित दर्शाया है, हालांकि मूल ग्रंथ के अनुसार शकुंतला एक साहसी, स्वतंत्र महिला थीं, जिन्होंने अकेले अपने बच्चे के उत्तरदायित्व को वहन करने का बीड़ा उठाया। वह जंगल के जीवन की परेशानियों से घबराए बिना एकाकी जीवन चुनती हैं। हमारे सांस्कृतिक पटल में त्रिदेव की प्रधानता है, लेकिन त्रिदेवी को मात्र उनके साथी के रूप में देखा जाता है। ये त्रिदेवियां अपने आप में काफी सशक्त हैं, जिन्हें हम नकार नहीं सकते। पितृसत्तात्मक सोच ने इन कहानियों को दरकिनार किया है। जरूरी है कि अपनी सोच का विस्तार कर हम इन्हें एक व्यापक कैनवास पर देखें। वाल्मीकि रामायण का अनुवाद करने वाली बहुचर्चित लेखिका, अनुवादक और शिक्षाविद अर्शिया सत्तर कहती हैं कि अपने विद्यार्थियों को पढ़ाने के क्रम में अपनी ही किताब को वह बार-बार पढ़ती हैं और राम के चरित्र का हर बार एक नया आयाम उनके सामने आकर खड़ा हो जाता है।

- अर्चना शर्मा

# बीएसएनएल ने डेली 3 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ निकाला एक्स्ट्रा वैलिडिटी का प्लान




**नईदिल्ली ।** सरकारी टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल अपने प्रीपेड प्लान्स और ऑफर्स से प्राइवेट कंपनियों को कड़ी टक्कर दे रही है। इसी कड़ी में बीएसएनएल अपने 2399 रुपये वाले ऐनुअल प्लान में 90 दिन की एक्स्ट्रा वैलिडिटी ऑफर कर रहा है। कंपनी ने इस ऑफर घोषणा पिछले महीने की थी और यह 15 जनवरी को खत्म होने वाला था। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ और यूजर्स की डिमांड को देखते हुए बीएसएनएल का यह ऑफर अभी भी लाइव है। 2399 रुपये वाले प्लान में कंपनी 365 दिन की वैलिडिटी देती है, लेकिन इस ऑफर के साथ प्लान की वैलिडिटी बढ़कर 455 दिन की हो जाती है।

इसी तरह बीएसएनएल अपने तीन महीने की वैलिडिटी वाले प्लान में भी दूसरी कंपनियों के मुकाबले बेहतर बेनिफिट दे रहा है। जियो से तुलना करें तो जियो अपने यूजर्स 666 की कीमत में 84 दिन की वैलिडिटी वाला प्लान ऑफर करता है, जिसमें डेली 1.5जीबी डेटा मिलता है। वहीं, बीएसएनएल का चॅाटर्ली प्लान 485 रुपये का है और इसमें आपको 90 दिन की वैलिडिटी और डेली 1.5जीबी डेटा मिलेगा।

जियो के इस प्लान में आपको एक साल की वैलिडिटी मिलती है। इंटरनेट यूज करने के लिए कंपनी इस प्लान में हर दिन 2.5 जीबी डेटा देती है। अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग के साथ आने वाले इस प्लान आपको डेली 100 फ्री एसएमएस का भी फायदा होगा। वहीं, बीएसएनएल के 2399 रुपये वाले प्लान में आपको हर दिन 3जीबी डेटा और अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग जैसे बेनिफिट मिलेंगे।

365 दिन तक चलने वाले इस प्लान में आपको डेली 2 जीबी डेटा मिलेगा। प्लान में कंपनी अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग और डेली 100 फ्री एसएमएस दे रही है। एयरटेल के इस प्लान की खास बात है कि इसमें आपको 30 दिन के लिए अमेजन प्राइम वीडियो के मोबाइल एडिशन का फ्री ट्रायल भी मिलेगा।

**वोडाफोन-आइडिया का 2899 रुपये वाला प्लान-** इस प्लान में आपको 365 दिन तक रोज 1.5 जीबी डेटा मिलेगा। प्लान में कंपनी देशभर में सभी नेटवर्क्स के लिए अनलिमिटेड कॉलिंग भी ऑफर कर रही है। डेली 100 फ्री एसएमएस ऑफर करने वाले इस प्लान में बिंज ऑल नाइट, वीकेंड डेटा रोलओवर और डेटा डिलाइट जैसे अडिशनल बेनिफिट भी मिलते हैं।

## आईपीएल 2022 में नहीं दिखेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन ।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट और उपकप्तान बेन स्टोक्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 की बड़ी नीलामी में अपना नाम दर्ज नहीं करने का निर्णय लिया है। वह न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध घर पर खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज़ की तैयारी करने के लिए काउंटी चैंपियनशिप में खेलते नज़र आएंगे।

रूट ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह नीलामी में अपना नाम दर्ज करवाने को लेकर विचार कर रहे हैं। 2018 के ऑक्शन में किसी भी टीम ने रूट में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। होबार्ट में खेले गए अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बाद रूट ने नीलामी में नहीं जाने की पुष्टि की। रूट ने कहा, इस टेस्ट टीम के लिए हमें बहुत कुछ करना है और मेरी सारी ऊर्जा इसी पर केंद्रित होनी चाहिए। मैं जितना हो सकता है उतना त्याग करता रहूंगा क्योंकि मैं अपने देश में टेस्ट क्रिकेट की बहुत परवाह करता हूं और इस टीम को ऊंचाई तक पहुंचाना चाहता हूं।

मई 2019 में आख़िरी बार टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले रूट की किसी भी टीम में शामिल होने की संभावना कम ही थी, वहीं स्टोक्स आईपीएल में टीमों के चहेते खिलाड़ी हैं। राइज़िंग पुणे सुपरजायंट की तरफ़ से खेलते हुए वह 2017 में आईपीएल के प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट थे। साथ ही 2018 की नीलामी में उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने सर्वाधिक साढ़े 12 करोड़ रुपये में अपनी टीम में जोड़ा था।

## दोपहिया वाहनों पर जीएसटी को 18 फीसदी की वित्त मंत्री से मांग

**नईदिल्ली ।** ऑटोमोबाइल डीलरों के शीर्ष संगठन फेडरशेन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (फाड़ा) ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट में दोपहिया वाहनों पर जीएसटी की दर को 28 प्रतिशत से कम कर 18 फीसदी करने की मांग की है।



संगठन ने इस संबंध में वित्त मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि दोपहिया वाहनों पर अन्य वाहनों की तरह अभी 28 प्रतिशत जीएसटी और दो प्रतिशत अधिभार है जिसे कम कर 18 प्रतिशत की श्रेणी किये जाने की जरूरत है क्योंकि अधिकांश दोपहिया वाहन लक्जरी श्रेणी में नहीं है और यह अब लोगों की जरूरत बन गये हैं।

संगठन ने अपने ज्ञापन में उन मुद्दों को उठाया है जिससे ऑटोमोबाइल उद्योग प्रभावित हो रहा है। उसने कहा कि स्टील और अन्य उत्पादों की मांग में हो रही बढोतरी के कारण हर तीन से चार महीने में वाहनों की कीमतों में भी बढोतरी करनी पड़ रही है जिसके कारण मांग पर असर पड़ रहा है। जीएसटी में कमी किये जाने से नन्न सिर्फ मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी बल्कि इससे इस उद्योग को भी गति मिलेगी।

फाड़ा का कहना है कि जीएसटी में कमी किये जाने से जब वाहनों की बिक्री बढ़ेगी तो उससे सरकार को कर राजस्व भी बढेगा। संगठन ने इसके साथ ही पुराने वाहनों पर भी जीएसटी को कम कर पांच प्रतिशत करने की अपील की है। अभी इन वाहनों पर 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी है। 4000 मिलीमीटर से छोटे वाहनों पर 12 प्रतिशत जीएसटी है। इससे बड़े वाहनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी है।

फाड़ा ने कहा कि पुराने कारों का बाजार नये कारों के बाजार से 1.4 गुना बड़ा है। हर वर्ष 50 लाख से 55 लाख पुराने यात्री वाहनों की खरीद बेच की जाती है जो कुल मिलाकर 1.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। इसमें पंजीकृत डीलरों की हिस्सेदारी 10-15 से प्रतिशत है और संगठित कारोबार ही कर चुकाता है।

उसने कहा कि जब डीलर किसी उपभोक्ता से पुरानी कार खरीदता है तो उस पर वह इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा नहीं कर सकता है और नन्न ही कर ही चुकाया जाता है। ऐसी स्थिति में जीएसटी को कम करना ही सबसे बेहतर उपाय है।

## कोरोना महामारी में देश में अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 142 हुई

**नईदिल्ली ।** कारोना महामारी भले ही समाज के गरीब और कमजोर वर्गों के लिए पीड़ा एवं आय में गिरावट का कारण बनी हो लेकिन सदी के इस महासंकट के दौरान भारत के अमीर और अमीर हुए हैं। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ऑक्सफैम की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना संक्रमण के कारण लोगों के जीवन का अंत और आजीविका की समाप्ति से जहां 84 प्रतिशत परिवारों को महज एक वर्ष में आय में गिरावट का सामना करना पड़ा वहीं भारतीय अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 142 हो गई। भारत में महामारी (मार्च 2020 से नवंबर 2021) के दौरान अरबपतियों की संपत्ति 23.14 लाख करोड़ रुपये (313 अरब डॉलर) से बढ़कर 53.16 लाख करोड़ रुपये (719 अरब डॉलर) हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में 4.6 करोड़ से अधिक भारतीयों के अत्यधिक गरीब होने का अनुमान है, जो संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक नए गरीबों के अनुमान का लगभग आधा है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि स्कूली शिक्षा में उच्च निवेश, सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल और मातृत्व अवकाश, सवैतनिक अवकाश और सभी भारतीयों के लिए पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ जैसी असमानताअ से निपटने के उपायों के लिए भारतीय आबादी के सबसे अमीर 10 प्रतिशत पर एक प्रतिशत अधिभार लगाया जाए।

## दुबई वर्ल्ड एक्सपो में भारत के एमएमएमई मंडप का उद्घाटन, खादी इंडिया फिल्म जारी

**नईदिल्ली।** दुबई में वैश्विक औद्योगिक प्रदर्शनी-वर्ल्ड एक्सपो, 2020 दुबई में भारत के सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योग (एमएसएमई) मंडप का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर खादी इंडिया फिल्म भी जारी की गयी।



आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सूक्षम एवं लघु उद्यम मंत्री नारायण राणे तथा उनके सहयोगी राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने वीडियो क्रांफ्रेंस के माध्यम से इस मंडप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एमएसएमई सचिव बी.बी. स्वैन तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना और दुबई सरकार के कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम से जुड़ थे।

इस अवसर पर श्री राणे ने कहा कि मंत्रालय का प्रयास निर्यात, उत्पाद गुणवत्ता, जीडीपी में योगदान के संदर्भ में नई ऊंचाइयों पर ले जाकर एमएसएमई के लिए नए मानक स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार एमएसएमई इकाइयों के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाएं और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने पर ध्यान दे रही है।

ब्यूरो इंटरनेशनल डी एक्सपोज़िशन (बीआईई) के अंतर्गत वर्ल्ड एक्सपो, 2020 दुबई का उद्देश्य प्रदर्शनी में विश्व के लाखों लोगों को एक साथ लाना तथा मानवीय प्रतिभा और उपलब्धियों को उजागर करना। एमएसएमई मंत्रालय ने कहा है कि एक्सपो में उसकी भागीदारी से भारत में एमएसएमई क्षेत्र के बारे में बाहरी दुनिया को समझाना तथा दूसरे देशों के अधिकारियों तथा व्यावसायिक और उद्योग जगत की हस्तियों के साथ आपसी संवाद विकसित करना है। मंत्रालय को विश्वास है कि इस भागीदार में इस क्षेत्र के भागीदारों को विश्वभर में अपनाये जाने वाले श्रेष्ठ व्यवहारों के आदान-प्रदान में मदद मिलेगी।

## आज का राशिफल

मेष: आज के दिन आप उत्साह और जोश से भरे रहेंगे। कार्य को समय से निपटने के लिए प्रयास तेज करेंगे, सफल होंगे।

वृषभ: वृष राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास का पूरा लाभ मिलेगा। सगे-संबंधियों से सहयोग पाएंगे, दूर रहने वाले संबंधियों से सुखद समाचार मिलेगा।

मिथुन: आपके लिए आज का दिन कुछ खट्टा मीठा रहेगा। आपकी योजना किसी आपात स्थिति के कारण अधूरी रह सकती है। बुद्धि और अनुभव का कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा।

कर्क : कर्क राशि के लोगों को आज अपने खर्चों को कंट्रोल में रखना चाहिए। संभव हो तो आज ई-शॉपिंग वाली वेबसाइट से दूरी बनाए रखें नहीं तो गैर जरूरी खर्चे हो सकते हैं।

सिंह: आपके लिए आज का दिन कारोबार और नौकरी के मामले में अनुकूल रहेगा। वाणी और व्यवहार कुशलता से अधिकारियों और सहकर्मियों से सहयोग पा सकेंगे।

कन्या: आज करियर के मामले में दिन अच्छा रहेगा। कोई अटका हुआ डील है तो आप फाइनल हो सकती है।

तुला: आज आप धर्म और अध्यात्म में रुचि लेंगे। मेहनत से अधिक आपका भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार में आपकी स्नेह और सहयोग से मन आनंदित रहेगा।

वृश्चिक: वृश्चिक राशि वालों को आज जोश की बजाय होश से काम लेना चाहिए। किसी भी काम को संयम से पूरा करने की कोशिश करेंगे तो काम बनाने की संभावना अधिक रहेगी।

धनु: आज का दिन गृहस्थी के मामले में सुखद रहेगा। जीवनसाथी से पूरा सहयोग पाएंगे। साझेदारी वाले काम भी आज का दिन अनुकूल रहेगा।

मकर: आज मकर राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में जोखिम लेने से बचना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले ही निपटा लेना सही रहेगा।

कुंभ: छात्रों के लिए आज दिन अनुकूल रह सकता है, बुद्धि और ज्ञान का विकास होगा। आर्थिक मामलों में किया गया प्रयास सफल होगा।

मीन: मीन राशि वालों के लिए आज का दिन सुख साधनों में वृद्धि कारक रहेगा। माता और मात समान महिला से स्नेह और सहयोग की प्राप्ति हो सकती है।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा में हुई एक्ट्रेस अर्शी भारती की एंट्री

तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते 13 सालों से देश के लोगों का फेवरेट शो बना हुआ है। शो के हर एपिसोड का फैंस को बेहद इतंजार रहता है। इस शो में काम करने वाले सारे एक्टर्स की पॉपुलैरिटी भी बॉलीवुड स्टार्स से कम नहीं है। ऐसे में शो में अब एक और स्टाइलिश और ग्लैमरस एक्ट्रेस (अर्शी भारती) की एंट्री के बाद से धूम मची हुई है।जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।



पिछले कुछ समय से तारक मेहता का उल्टा चश्मा के शो पर जहां खास कलाकारों ने शो से अलविदा कह दिया है तो वहीं इस वजह से शो की टीआरपी में भी कमी देखने को मिली। लेकिन एक बार फिर से ये शो सबसे ज्यादा सुर्खियों में बना हुआ है। इसके पीछे का कारण है कि बबीता जी के शो छोड़ने के बाद अब शो में मेकर्स ने एक बेहद ही खूबसूरत लड़की की एंट्री करवा ली है। शो में जिस लड़की की एंट्री हुई है उसके बारे में ये कहा जा रहा है कि वो बबीता जी से भी ज्यादा खूबसूरत है। इस नई एक्ट्रेस का नाम अर्शी भारती है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में अर्शी बहुत ही ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं। ये भी कहा जा रहा है कि अर्शी की एंट्री से लोगों को मुनमुन दत्ता की कमी महसूस नहीं होगी। आपको बता दें कि अर्शी भारती ने शो में मुनमुन दत्ता को रिप्लेस नहीं किया है।अर्शी भारती की इस शो में एंट्री मेहता साहब के बॉस की सेक्रेटरी के रूप में हुई है और जब से वो शो में नजर आने लगी हैं तब से ही उनके चर्चे खूब हो रहे हैं।

## अर्जुन की फिल्म लेडी किलर में हुई भूमि पेडनेकर की एंट्री

अर्जुन कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आएंगे। वह फिल्म द लेडी किलर को लेकर भी सुर्खियों में हैं। पिछले कुछ समय से उनकी इस फिल्म के लिए अभिनेत्री की तलाश चल रही थी, जो अब आखिरकार खत्म हो गई है। फिल्म में भूमि पेडनेकर को साइन कर दिया गया है। खुद भूमि ने फिल्म से जुड़कर खुशी जाहिर की है। वह फिल्म का हिस्सा बन बहुत खुश हैं।



द लेडी किलर में भूमि की जोड़ी अर्जुन के साथ बनी है। अर्जुन पहले ही अपनी इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर कर चुके थे, लेकिन अब तक फिल्म की लीड एक्ट्रेस के नाम का खुलासा नहीं हुआ था। यह पहला मौका होगा, जब अर्जुन-भूमि की जोड़ी पर्दे पर देखने को मिलेगी। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसे अजय बहल निर्देशित करने वाले हैं। फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शैलेष आर सिंह मिलकर बना रहे हैं।

## बची हुई मिक्स वेज से तैयार करें हेल्दी- लज़ानिया

घर में सब्जी तो अक्सर बच जाती है और बची सब्जी को अगले दिन खाने का बिल्कुल मन नहीं करता। ऐसे में बची मिक्स वेज से आप घर पर ही टेस्टी लज़ानिया की डिश तैयार कर सकती हैं। कैसे? जानें यहां।



### सामग्री :

बची हुई एक कटोरी मिक्स वेज, टमैटो सॉस के लिए, 700 ग्राम टमाटर, 1/4 कप बेसिल, 2 टेबलस्पून एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल, 2 बारीक कटा लहसुन, नमक, 1/4 टीस्पून चिली फ्लेक्स

**अन्य चीज़ें-** 2 कप पनीर, जरूरत भर काली मिर्च, 1 पैकेट वॉयल लज़ानिया नूडल्स, 2 कप कद्दूकस किया मॉजरेला चीज़

### विधि :

- अवन को 180 डिग्री पर प्रीहीट करें। टमैटो सॉस के लिए एक कड़ाही में एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल डालें। अब टमाटर को डालकर पकाएं। नमक डालकर इसे पीस लें। कटोरी में निकालें और इस पर लहसुन, बेसिल और चिली फ्लेक्स डालें।

- पनीर को भी ब्लेंडर में डालकर पीस लें। यह क्रीमी टेक्सचर में हो जाएगा। बेकिंग डिश में नीचे टमैटो सॉस फैलाएं।

- इस पर एक लेयर नूडल्स की रखें। इस पर पनीर फैलाएं। फिर चीज़ डालें। अब दूसरी लेयर फिर टमैटो सॉस और फिर नूडल्स की। ऊपर से चीज़ से भर दें। ऑलिव ऑयल का स्प्रे हर लेयर के बीच में करते जाएं। अब इसे 12 मिनट तक बेक करें। तैयार है लज़ानिया।

## शब्द सामर्थ्य- 324

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |